(Maharashtra), Shri Rambhai Harjibhai Mokariya (Gujarat), Shrimati Sulata Deo (Odisha), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Kanakamedala Ravindra Kumar (Andhra Pradesh), Shri Sujeet Kumar (Odisha), Dr. Amar Patnaik (Odisha), Shrimati S. Phangnon Konyak (Nagaland) and Shri Niranjan Bishi (Odisha).

### Demand to start a superfast train from Manikpur junction to Delhi

**श्री बाबू राम निषाद** (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदय, मैं आज आपके माध्यम से जनहित के एक विषय को इस सदन के समक्ष रख रहा हूँ।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड के पिछड़े जनपद, हमीरपुर का रहने वाला हूँ। जनपद हमीरपुर अपनी स्थापना के 200 वर्ष पूर्ण कर चुका है, लेकिन आज भी वह रेलवे परिवहन से लेकर अन्य तमाम समस्याओं से ग्रसित है। जनपद हमीरपुर में एकमात्र रेलवे ट्रैक मानिकपुर जंक्शन से कानपुर सेंट्रल के मध्य है। इसमें बहुत सीमित ट्रेनों का आवागमन है। इस रूट पर नई दिल्ली के लिए कोई भी ट्रेन उपलब्ध नहीं है।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से इस सदन का ध्यान इस बात की ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ कि उपरोक्त रूट पर प्रतिदिन एक सुपरफास्ट ट्रेन मानिकपुर जंक्शन से वाया चित्रकूट, बांदा, रागौल, सुमेरपुर, हमीरपुर, घाटमपुर, कानपुर सेंट्रल से होते हुए नई दिल्ली के लिए चलाई जाए। साथ ही, मैं यह भी संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि मेरे गृह जनपद, हमीरपुर मुख्यालय में कोई भी रेलवे स्टेशन नहीं है। संत तुलसीदास की तपोभूमि चित्रकूट है, जहाँ दर्शन के लिए लाखों की संख्या में दर्शनार्थी आते-जाते हैं। भगवान राम की उस तपोभूमि पर तुलसीदास जी ने एक चौपाई कही है:

*'चित्रकूट के घाट पर, भई संतन की भीर,*
*तुलसीदास चंदन घिसे, तिलक करे रघुवीर'*

महोदय, मैं आग्रह करता हूं कि सरकार मेरी इस डिमांड को पूरा करे, जिससे जनहित में लाखों श्रद्धालु उस धार्मिक स्थल पर पहुंचने का प्रयास कर सकें।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Shri Baburam Nishad: Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba (Manipur), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Dr. Amar Patnaik (Odisha), Shri Rambhai Harjibhai Mokariya (Gujarat), Shri Aditya Prasad (Jharkhand), Ms. Kavita Patidar (Madhya Pradesh), Shri Naresh Bansal (Uttarakhand), Shri Sakaldeep Rajbhar (Uttar Pradesh), Shri Vijay Pal Singh Tomar (Uttar Pradesh), Shri Pabitra Margherita (Assam), Dr. Kalpana Saini (Uttarakhand), Shri Brij Lal (Uttar Pradesh), Shrimati Sumitra Balmik (Madhya Pradesh), Shrimati Darshana Singh (Uttar Pradesh), Shrimati Geeta alias Chandraprabha (Uttar Pradesh), Shri Shambhu Sharan Patel (Bihar), Shri Nagendra Ray (West Bengal),

Dr. Sikander Kumar (Himachal Pradesh), Dr. Sumer Singh Solanki (Madhya Pradesh) and Shri Ajay Pratap Singh (Madhya Pradesh)

Now, Dr. Sikander Kumar; Demand to expedite completion of pending work of Bhanupalli-Bilaspur Railway Line.

**Demand to expedite completion of the pending work of Bhanupali-Bilaspur railway line and start the work of railway track between Una to Hamirpur**

**डा. सिकंदर कुमार** (हिमाचल प्रदेश): उपसभापति महोदय, मैं आपका ध्यान हिमाचल प्रदेश के भानुपल्ली-बिलासपुर-लेह रेलवे लाइन और ऊना से हमीरपुर रेलवे लाइन शुरू करने की ओर दिलाना चाहता हूं। महोदय, हिमाचल प्रदेश में रेलवे यातायात की बात करें तो अभी मध्य हिमाचल में रेल यातायात की सुविधा न के बराबर है। वर्तमान में ऊना तक रेल यातायात की सुविधा है। इसके अतिरिक्त कालका से शिमला व पठानकोट से जोगिन्दर नगर तक लोगों को रेल सुविधा मिल रही है। भानुपल्ली से बिलासपुर-लेह तक रेल लाइन के निर्माण का कार्य अभी पाइपलाइन में है।

भानुपल्ली-बिलासपुर-लेह रेलवे लाइन सामरिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। वर्तमान केन्द्र सरकार के सकारात्मक प्रयासों एवं दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति से इस रेलवे लाइन के कार्य में प्रगति देखी गई है। इस ऐतिहासिक रेलवे लाइन के बनने से जहां हर मौसम में यहां रेलवे लाइन सहायक होगी, वहीं सैन्य दृष्टि से भी इसका अत्यंत महत्व है तथा पर्यटन को भी इससे बढ़ावा मिलेगा। हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है और इसकी भौगोलिक परिस्थितियां अन्य राज्यों से भिन्न हैं, इसलिए यहां रेलवे लाइन पहुंचाना काफी मुश्किल काम है, परन्तु केन्द्र सरकार व रेलवे मंत्रालय के अथक प्रयासों से हिमाचल प्रदेश में इस ऐतिहासिक रेलवे लाइन का कार्य आगे बढ़ रहा है जो कि एक सराहनीय कार्य है।

महोदय, इस रेलवे लाइन के कार्य में कई पुलों व टनल्स का निर्माण होना है जिसके लिए समुचित धन की आवश्यकता है। मैं केन्द्र सरकार व रेलवे मंत्रालय से सादर अनुरोध करता हूँ कि भानुपल्ली-बिलासपुर-लेह रेलवे लाइन के लिए समुचित धन का प्रावधान किया जाए, ताकि इस रेलवे लाइन के कार्य में और तेज़ी लाई जा सके और इस ऐतिहासिक प्रोजेक्ट का कार्य निर्बाध रूप से आगे बढ़ता रहे।

महोदय, जिला हमीरपुर, जिला ऊना के साथ लगता जिला है और ऊना से हमीरपुर तक रेल लाइन बिछाने की संभावनायें हैं। यदि ऊना से हमीरपुर तक रेल लाइन बिछाई जाती है तो स्थानीय लोगों को तो सुविधायें प्राप्त होंगी ही, साथ ही रेल विभाग को भी अच्छी आमदनी होगी।

महोदय, हमीरपुर में बाबा बालक नाथ जी की प्रसिद्ध सिद्धपीठ भी है, जहां वर्ष भर दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में इस रेल लाइन के बनने से पर्यटकों सहित श्रद्धालुओं को भी इसका लाभ मिलेगा।

मैं इस सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से सादर आग्रह करना चाहूंगा कि ऊना रेल लाइन को हमीरपुर तक बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि मध्य हिमाचल के लोगों को भी रेल सुविधा प्राप्त हो सके।